


# मानसून में निखरा चंदेरी का रूप

## घने जंगलों में बहते झरनों को देखने उमड़ रहे सैलानी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। मानसून में निखरा चंदेरी का रूप- घने जंगलों में बहते झरनों को देखने उमड़ रहे सैलानी**

**चंदेरी। बारिश का मौसम शुरू होते ही ऐतिहासिक शहर चंदेरी का नजारा पूरी तरह बदल गया है।** चारों ओर फैली हरी-भरी पहाड़ियां और बादलों की लुकाछिपी शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। प्रकृति, इतिहास और एडवेंचर के शौकीनों के लिए मानसून का यह समय किसी उत्सव से कम नहीं है। द्यशष्ड्डद्य और दूर-दराज से आने वाले पर्यटक यहां के प्राकृतिक झरनों का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

दरअसल चंदेरी के लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में प्रकृति ने अपने कई अनमोल नजारे छुपाकर रखे हैं। यहां के घने जंगलों में स्थित पिपर खो, मालन खो, कटोती खो और भिभूति खो जैसे खूबसूरत झरने इन दिनों पूरे उफान पर हैं। जंगलों के बीच पहाड़ों से गिरता शीतल जल सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

**एडवेंचर और जंगल ट्रेकिंग का अनोखा संगम:**
इन मनमोहक झरनों तक पहुंचने का रास्ता सुगम नहीं है। पर्यटकों को प्राचीन जंगलों, ऊबड़-खाबड़ पत्थरों और संकरी पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ता है। यही कठिन रास्ता एडवेंचर प्रेमियों और ट्रेकर्स के लिए मुख्य आकर्षण बन चुका है। एक ही यात्रा में रोमांचक ट्रेकिंग और झरने देखने का यह अनुभव इस जगह को खास बनाता है। अगर आप भी इस मानसून और एडवेंचर का आनंद लेना चाहते हैं, तो चंदेरी की सैर जरूर करें।

# स्कूल से बच्चे गायब, आंगनवाड़ी मिली बंद

**संयुक्त कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण**

**निरीक्षण में खुली व्यवस्थाओं की पोल**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशों का पालन करते हुए शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने शासकीय संस्थानों का निरीक्षण किया।** इसी क्रम में संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने ग्राम वरखेड़ी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जहाँ भारी अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पूरी तरह बंद पाया गया, जिससे विभागीय लापरवाही उजागर हुई। वहीं शासकीय प्राथमिक विद्यालय का हाल भी बदहाल नज़र आया। विद्यालय में पदस्थ दो शिक्षकों में से केवल एक महिला शिक्षक ही उपस्थित मिलीं, जबकि कक्षा से सभी छात्र अनुपस्थित थे। एक भी विद्यार्थी विद्यालय में उपस्थित नहीं पाया गया। संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने इस गंभीर लापरवाही और बदहाली का संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

## एक नजर में

### पानी के तेज बहाव में बहे युवक का दूसरे दिन मिला शव

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तगारी गांव के पास शुक्रवार शाम पानी के तेज बहाव में बहे 20 वर्षीय युवक का शव शनिवार को बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान तगारी निवासी धर्मेंद्र पिता मथुरा आदिवासी के रूप में हुई है। शुक्रवार शाम धर्मेंद्र बांकलपुर और तगारी के बीच बने रपटे से गुजर रहा था। उस समय रपटे पर करीब 3 से 4 फीट पानी बह रहा था, जिसमें वह अचानक बह गया। ग्रामीणों और परिजनों की तलाश के बाद भी जब उसका सुराग नहीं लगा, तो पुलिस और SDRF की टीम को सूचना दी गई।

**एसडीआरएफ की टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन:**
शनिवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। तलाश के दौरान रपटे से करीब 100 मीटर दूर रेत और बजरी के बीच 3 फीट पानी के नीचे फंसा हुआ शव बरामद किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में हवलदार शशि कपूर कतरोरिया, अमर, सैनिक नीरज, देवेंद्र, राहुल, विवेक रघुवंशी और मनीष ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चंदेरी भेज दिया है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या चार महीने पहले हुई थी शादी

**अशोकनगर।** कचनार थाना क्षेत्र के आमखेड़ा तूमैन गांव में 25 वर्षीय युवक ताराचंद प्रजापति पिता दुर्गाप्रसाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की शादी महज चार महीने पहले ही हुई थी। वह अशोकनगर में एक मोटर बाइंडिंग की दुकान पर काम करता था। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे परिजनों ने उसे कमरे में साड़ी के फंदे से लटका देखा। मृतक के छोटे भाई अंकेश के अनुसार, रात 11 बजे तक ताराचंद सामान्य और खुश दिख रहा था। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजकर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### बक्से से कपड़े निकालते समय जहरीले सांप ने काटा, 72 वर्षीय महिला की मौत

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के देखा गांव में शनिवार सुबह सर्पदंश से 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला विद्या बाई रघुवंशी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विद्या बाई सुबह नहाने के लिए कपड़े निकालने बक्सा खोल रही थीं। इसी दौरान बक्से के पास छिपे जहरीले सांप ने उनके हाथ में डस लिया।

सांप के काटने के बाद परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उनकी हालत गंभीर हो गई। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### अधर्म ही संसार का मूल कारण और आधारः मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज

**अशोकनगर।** साइंस ऑफ लिविंग के विशेष सत्र में मुनिश्री 108 निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह संसार अधर्म के आधार पर टिका है और अधर्म ही समस्त संसार का मूल कारण है। मुनिश्री ने जैन दर्शन का संदर्भ देते हुए बताया कि आचार्यों ने दो प्रकार के प्राणी बताए हैं संसारी और मुक्त प्राणी। मुक्ति का मार्ग ही सच्चा धर्म और न्याय मार्ग है, जिसे मोक्षमार्ग कहते हैं। सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र का संगम ही धर्म है, जो जीव को संसार से मुक्ति दिलाता है। महाराज श्री ने कहा कि मिथ्या दर्शन, मिथ्या ज्ञान और मिथ्या चारित्र को अधर्म या मोहमार्ग कहा गया है। संसारी प्राणी अनादि काल से इसी मोहमार्ग पर चल रहा है। सत्य को स्वीकार न करने और मिथ्या धारणाओं में जीने के कारण ही जीव आत्मिक मुक्ति प्राप्त नहीं कर पा रहा है। प्रवचन के दौरान उन्होंने रत्नकरण्डक श्रावकाचार के श्लोक का उल्लेख करते हुए बताया कि तीर्थंकरों के अनुसार सम्यक् दर्शन, ज्ञान और चरित्र ही धर्म हैं, जबकि इनके विपरीत भाव संसार का कारण हैं।

# जिलेभर में उत्साह के साथ मन भुजरिया पर्व

## गले मिल वर्षों पुराने गिले-शिकवे किए दूर, जलाशयों पर उमड़ी भीड़



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिलेभर में भुजारिया पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे भुजारिया बदलते हुए वर्षो पुराने गिले-सिकवे दूर किये। तो वहीं छोटो ने बड़ो के पैर छूकर आर्शीवाद लिया। वहीं यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में भुजरिया मिलन महापर्व बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि शनिवार को भुजरिया पर्व पर त्रिपुष्कर योग के साथ धृति योग का विशेष संयोग बना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस शुभ योग में किया गया कोई भी धार्मिक या शुभ कार्य तीन गुना फल प्रदान करता है। मंदिर में स्थापित शिवालय के गणपति जी के समक्ष भुजरिया रखकर प्रथम पूज्य को समर्पित किया गया, जिसके बाद विसर्जन प्रक्रिया संपन्न हुई। उन्होंने पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भुजरिया का रोपण और विसर्जन आपसी प्रेम व हरियाली का प्रतीक है। इस दिन भाई-बहन आपस में मिलते हैं तथा लोग आपसी बैर-भाव और पुरानी रंजिशों को भुलाकर एक-दूसरे से क्षमा मांगते हैं। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन सतयुग का प्रारंभ हुआ था, इसलिए यह तिथि हृदय में प्रेम भावना जगाने और अपनी भूलों की क्षमा याचना करने का सर्वोत्तम अवसर मानी जाती है। कार्यक्रम के दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा।

### पारंपरिक गीतों के साथ परमेश्वर ताल पर उमड़ा आस्था का सैलाब



चंदेरी। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी चंदेरी में भुजरिया पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और अगाध श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर के ऐतिहासिक लक्ष्मण जी मंदिर और परमेश्वर ताल पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विशेष रूप से महिलाओं ने अपने सिर पर भुजरिया की टोकरियां रखकर पारंपरिक गीतों के साथ भव्य मंगल यात्रा निकाली। घाटों पर पहुंचकर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और एक-दूसरे से भुजरिया बदलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी प्रशांत यादव के कुशल निर्देशन में कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए गए थे।



# कलेक्टर ने किया कदवाया गौशाला का निरीक्षण, गायों को खिलाया चारा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान ईसागढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत कदवाया स्थित गौशाला का औचक भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने गौवंश को दुलारा और उन्हें चारा खिलाया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने गौशाला परिसर में आम का पौधा भी रोपा। इसके पश्चात कलेक्टर ने कदवाया स्थित ऐतिहासिक व प्राचीन पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्राचीन धरोहरों को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने और एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) त्रिलोचन गौंड सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त कर की चालानी कार्रवाई, वसूला समन शुल्क



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात थाना प्रभारी अजीत नरवरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से बुलेट मोटरसाइकिलों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 10 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 11,000 रुपये का समन शुल्क वसूला। साथ ही अत्यधिक शोर मचाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों को भी जप्त किया गया। कार्रवाई के साथ चालकों को हेलमेट पहनने और अनाधिकृत मॉडिफिकेशन न कराने की समझाइश दी गई। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने नागरिकों से त्यौहारों के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले साइलेंसर का उपयोग न करें और हेलमेट व अन्य नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# कॉलेज में उत्साह से मना राष्ट्रीय खेल दिवस

**शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में आयोजन**

**व्याख्याताओं ने विचार रखते हुए सीख लेने की कही बात**



नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भारतीय हॉकी के जादूगर महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल और फिटनेस को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल करना चाहिए। नियमित खेलकूद शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन खेल विभाग की संयोजक सुश्री राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजीत चौरसिया, राहुल श्रीवास्तव, राजकुमार, गौरव, सौरव श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने खेल और फिटनेस को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

**आयोजन** | **कदवाया में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित**

# 364 शिकायतें और सैकड़ों आवेदनों का निराकरण




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत कदवाया में शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि आवेदकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निराकरण ही अभियान की वास्तविक सार्थकता सिद्ध करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों को समय-सीमा तय कर हल करें और आवेदकों को सूचित करें।

जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन ने बताया कि शिविर के दौरान युवाओं को स्वरोजगार व स्वयं का उद्योग स्थापित करने के लिए उद्योग संवाद आयोजित किया गया। महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग सतेंद्र लोधा ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी, जबकि सफल उद्यमियों ने ग्रामीणों से अनुभव साझा किए। अनुविभागीय अधिकारी त्रिलोचन गौड़ के अनुसार, ईसागढ़ विकासखंड के इस चौथे शिविर में कुल 1587 विभिन्न शिकायतों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

**पात्र हितग्राहियों को मिला हितलाभ:**
शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। जिनमें नामांतरण और जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उत्कृष्ट छात्र नयन सिंह कुशवाह और अजय लोधी को स्कूटी स्वीकृति पत्र मिले। वृद्धा और दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, संबल योजना प्रमाण पत्र और दिव्यांगों को उपकरण (कान की मशीन, छड़ी व ट्राईसाइकिल) बांटे गए। कृषि विभाग द्वारा स्प्रिंकलर पंप और पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डेयरी योजना के स्वीकृति पत्र दिए गए।

**मौके पर 364 आवेदनों का तत्काल समाधान:**
शिविर में प्राप्त कुल 531 नए आवेदनों में से 364 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 167 आवेदनों को समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों को सौंपा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने की अपील, सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बढ़ते डिजिटल उपयोग के साथ साइबर अपराधों में हो रही वृद्धि को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जागरूकता, सावधानी और सतर्कता ही साइबर फ्रॉड से बचने का सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ठग नागरिकों को डर, लालच और भावनात्मक दबाव में लेकर ठगी कर रहे हैं। वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, शेयर मार्केट, पोंजी स्कीम, जॉब स्कैम, सेक्सटॉर्शन और पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर आम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। साइबर अपराधी सरकारी एजेंसियों के अधिकारी बनकर या बैंक केवाईसी अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर बैंकिंग विवरण हासिल कर लेते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो वह बिना समय गंवाए तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

**सुरक्षा के लिए इन बातों का रखें ध्यान:**

* अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी या पासवर्ड कभी किसी के साथ साझा न करें।
* अनजान लिंक, ई-मेल, संदिग्ध एपीके फाइलों या फर्जी एप्लीकेशन को डाउनलोड न करें।
* एनीडेस्क या टीमव्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस ऐप किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर इंस्टॉल न करें।
* कोई व्यक्ति परिचित बनकर पैसे मांगे या पुलिस अधिकारी बनकर धमकाए, तो पहले स्वतंत्र रूप से जांच करें।